# कार्यालय नगरपालिका परिषद दमुआ, जिला – छिंदवाड़ा (म.प्र.)

(Phone – 07160-299095 E-mail : cmodamua@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 1015/ई–टेण्डर/2026–27 दमुआ, दिनांक – 19.05.2026

## निविदा सूचना

एतद् द्वारा 1 वर्ष की अवधि के लिये निकाय अंतर्गत निर्मित मंगल भवन, दमुआ तथा मंगल भवन, नन्दन के उपयोग/संचालन के अधिकारों का हस्तांतरण करने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति/संस्थाओ से ऑनलाईन निविदा पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन दरें आमंत्रित की जाती है:–

| स. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | समयावधि एवं न्यूनतम आरक्षित मूल्य | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_498650_1<br>19.05.2026 | वार्ड क्र. 17 दमुआ में मंगल भवन का संचालन। | 12 माह<br>256798.00 | 2000.00<br>6420.00 | 05.06.2026 |
| 2 | 2026_UAD_498651_1<br>19.05.2026 | वार्ड क्र. 5 नंदन में मंगल भवन नंदन का संचालन। | 12 माह<br>61028.00 | 1000.00<br>1530.00 | 05.06.2026 |

नोट :–

1. निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते आदि ऑनलाईन वेबसाईड https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन **दिनांक 19.05.2026 समय 18:55 बजे से 05.06.2026 समय 17:30 बजे तक** क्रय किये जा सकते है।
3. **ऑनलाईन बिड एवं समस्त दस्तावेज सबमिट/अपलोड करने की अंतिम तिथि 05.06.2026 को 17:30 बजे तक है।**
4. **ऑनलाईन निविदा दिनांक 06.06.2026 को 17:30 बजे से खोली जायेगी।**
5. **निविदाकार को शपथपत्र निविदा दस्तावेजो में दिये गये प्रारूप अनुसार प्रस्तुत करना अनिवार्य है। समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन जमा किया जाना है।**
6. निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेज कम्प्यूटर–प्रिंटर द्वारा स्केन, साफ एवं पढ़ने योग्य होने चाहिए।
7. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
8. ठेका स्वीकृति उपरांत ठेके की राशि का एक चौथाई भाग 02 दिवस में जमा करना अनिवार्य होगा।
9. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को नगरीय निकाय के सभी बकाया करों का भुगतान करने के पश्चात् ही नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता होगी।
10. निर्धारित अमानत राशि निर्धारित तिथि को ऑनलाईन के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा, बिना अमानत राशि के नीलामी में भाग नहीं लिया जा सकेगा।
11. शासन के नियमानुसार निर्धारित जी.एस.टी. संबंधित निविदाकर्ता द्वारा दर के अतिरिक्त देना होगा।
12. भवन नीलामी बोली स्वीकृत होने की दशा में पट्टेदार को एक चौथाई राशि प्राप्ति के 02 दिवस में जमा करना अनिवार्य होगा, इसके बाद शेष राशि 03 समान किश्तों में जमा करना अनिवार्य होगा, पहेली किश्त 30 जून 2026, दूसरी किश्त 30 जुलाई 2026 एवं अंतिम (तीसरी) किश्त 30 अगस्त 2026 को जमा करना अनिवार्य होगा, माह की अंतिम तिथि तक किश्त की राशि जमा ना होने की स्थिति में प्रतिदिन 100/– रूपये की दर से अर्थदण्ड लगाया जायेगा। जिसका उत्तरदायित्व निविदाकर्ता का होगा।
13. निविदाकार को भवन जिस स्थिति में दिया जायेगा, उसी स्थिति में वापिस करना होगा।
14. संचालन कार्य की समयावधि के दौरान भवन में आवश्यक रंगाई–पुताई कार्य निविदाकर्ता को ही करने होगे।
15. निविदाकार भवन के निर्माण में कोई बदलाव नहीं कर सकेगा, न ही किसी प्रकार की कोई तोड़फोड़ करेगा।
16. भवन में होने वाले आवश्यक मरम्मत/सुधार कार्य निविदाकार को ही करवाने होगे।
17. भवन 1 वर्ष की अवधि के लिए दिया जायेगा।
18. साफ–सफाई का कार्य एवं पानी की व्यवस्था निविदाकार को स्वयं करनी होगी।
19. उक्त शर्तो के अतिरिक्त नगरपालिका अधिनियम 1961 के प्रवर्णित शक्तियों को उपयोग में लाते हुए राज्य शासन अथवा नगरपालिका जो भी निर्देश निविदाकर्ता को दिए जायेंगे उसका पालन करने के लिए निविदाकार बाध्य रहेगा।
20. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार नगर पालिका परिषद, दमुआ के पास सुरक्षित रहेगा।
21. निविदा स्वीकृत होने की दशा में स्वयं के व्यय पर नियमानुसार राशि के गैर–न्यायिक स्टाम्प पर अनुबंध निष्पादित करना होगा।
22. निविदा संबंधी समस्त अधिकार (स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त) नगर पालिका परिषद, दमुआ के पास सुरक्षित रहेगें।
23. निविदा प्रपत्र अनुबंध का एक भाग होगा एवं ऐसी अन्य समस्त नियम एवं शर्ते तथा किसी भी विवाद की स्थिति में जो कि उल्लेखित नहीं है के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल/निकाय द्वारा जारी आदेश/दिशा निर्देश अंतिम एवं मान्य होंगे।
24. उपरोक्त के अतिरिक्त वे सभी नियम/शर्ते/आदेश/निर्देश भी मान्य होंगे जो समय–समय पर शासन/नगरपालिका परिषद दमुआ द्वारा प्रसारित किये जावेंगे।
25. किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ बेवसाईड पर प्रकाशित किया जायेगा।

Seal & Signature
Chief Municipal Officer
Nagar Palika Parishad, Damua
जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

## KEY DATES

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publish Date:** | **19.05.2026<br>18:55** | **Bid Opening Date:** | **06.06.2026<br>17:30** |
| **Document Download/Sale Start Date:** | **19.05.2026<br>18:55** | **Document Download/Sale End Date:** | **05.06.2026<br>17:30** |
| **Clarification Start Date:** | **NA** | **Clarification End Date:** | **NA** |
| **Bid Submission Start Date:** | **19.05.2026<br>18:55** | **Bid Submission End Date:** | **05.06.2026<br>17:30** |
| **Physical Bid Submission End Date:** | | **Online Only** | |

# Check List

1. Bidder have to submit all Document Online.

## Envelop A:

1. Earnest Money Deposit Receipt (EMD).
2. Bid Document Fee Payment Receipt.
3. Aadhar Card/Voter Card
4. PAN Card.
5. Affidavit.

## Envelop C: Price Bid

Note - Please note that in any case if price-Bid/Financial Offer Submitted manually in any envelop then bid shall be out through rejected.

2. Earnest money should be in the form as given in abstract of Bid (Scanned copy of EMD and Tender Document Cost should be uploaded online)

3. Bidder will get online form for uploading his price bid/Financial Offer.

4. The contractor should digitally sign all the pages in which any entry is made.

शपथ पत्र
(ई–निविदा के लिये पंजीयन हेतु)
(200 रू. के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर)

मै ........................................................................................................ आयु ..........वर्ष पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री .. ........................................................................... निवासी ................................................................... निम्न कथन/घोषणा करता/करती हूँ कि:–

1. मेरे द्वारा ....................................................................... की निविदा हेतु आवेदन किया गया है।
2. यह कि मेरे द्वारा उक्त निविदा शर्तो के बिन्दू क्रमांक ......... से ......... तक को अच्छी से पढ़ लिया है। एवं सभी शर्तो से सहमत हूँ।
3. यह कि मेरे द्वारा निविदा अनुबंध की शर्तो को अच्छे से पढ़ लिया है एवं अनुबंध पत्र से मै सहमत हूँ।
4. यह कि मेरे द्वारा आवेदित निविदा हेतु जमा की गई धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क विज्ञापन में दर्शित अनुसार ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से जमा करा दिया गया है।
5. यह कि किसी भी कारण से पोर्टल पर उक्त राशि जमा नहीं प्रदर्शित होती है तो मेरा आवेदन स्वतः निरस्त माना जावें।
6. यह कि मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में उत्तरदायित्व मेरा स्वयं का रहेगा तथा शासन द्वारा वैधानिक कार्यवाही किये जाने पर में दण्ड का भागी रहूंगा/रहूंगी।

स्थान ............................................
दिनांक ..........................................

शपथगृहीता

सत्यापन

मै ...................................................... उपरोक्त शपथ गृहिता सत्यापित करता/करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र के कंडिका क्रमांक 01 से 06 में उल्लेखित तथ्य में जानकारी मेरे निजी ज्ञान से सही व सत्य है जिसका सत्यापन मेरे द्वारा आज दिनांक .................................... को किया गया है।

स्थान ............................................
दिनांक ..........................................

शपथगृहीता

Signature Not Verified
Digitally signed by AJAY THAKRE
Date: 2026.05.19 18:28:13 IST
Location: Madhya Pradesh-MP